## महत्वपूर्ण एवं खास

### एनसीबी की टीम ने टोल प्लाजा के पास गांजे से भरी दो बोलोरो वाहन की जब्त : दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के कुम्हारी टोल नाके पर एन सी बी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गांजा तस्करी की सूचना पर कुम्हारी थाना पुलिस के साथ मिलकर नाकेबंदी में गाँजे से भरी 2 बोलेरो को पुलिस ने जब्त किया हैं। पुलिस ने इस दौरान 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है. 12 सदस्यीय टीम छत्तीसगढ़ पहुंची हैं.3 एनसीबी इंदौर की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. तस्करों से पूछताछ जारी है। जानकारी के मुताबिक इंदौर की एनसीबी जोनल ऑफिस की टीम को एक बड़ा इनपुट मिला था कि छत्तीसगढ़ के रास्ते उड़ीसा से नागपुर की तरफ गांजे की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। जिसपर एनसीबी की टीम ने कुम्हारी थाना पुलिस की मदद से सुबह से ही कुम्हारी टोलनाके पर नाकेबंदी कर रखी थी और मिले हुए की वाहनों पर नजर रखे हुए थे।

### आईटीबीपी के अधिकारी ने फांसी लगाकर दी जान

**नारायणपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के अधिकारी ने कथित रूप से फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के एडका शिविर में तैनात आईटीबीपी के उप निरीक्षक सचिन धुल (29) ने बुधवार रात अपने कार्यालय में फंदे से लटककर जान दे दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि बृहस्पतिवार सुबह जब शिविर के जवान धुल के कार्यालय पहुंचे तब उन्होंने उनके शव को फंदे से लटकता पाया। बाद में उन्होंने इसकी जानकारी वहां मौजूद अन्य अधिकारियों और पुलिस को दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आईटीबीपी के 45 वीं बटालियन के इस अधिकारी ने बिजली के तार से फंदा लगा लिया। उन्होंने बताया कि धुल कुछ माह पहले की छुट्टी से अपने कार्यस्थल लौटे थे। दिल्ली निवासी उनके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### 8 लाख के ईनामी नक्सली ने स्टेन कार्बाइन रायफल के साथ किया आत्मसमर्पण

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों के सीसी प्रोटेक्शन कंपनी नंबर 07 का सदस्य 08 लाख का ईनामी नक्सली महिपाल आंचला उम्र 34 वर्ष पिता स्व सूक्कुराम आंचला निवासी ग्राम जुंगड़ा थाना कोयलीबेड़ा ने कांकेर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के समक्ष स्टेन कार्बाइन रायफल पुलिस को सौंपाकर आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली महिपाल आंचला क्षेत्र में कार्तिक उर्फ राकेश उर्फ विस्वा उर्फ विनय के नाम से भी नक्सली संगठन में काम कर चुका है। नक्सली संगठन के माड़ उत्तर बस्तर संयुक्त डिवीजन कमांड इन चीफ नागेश ने वर्ष 2008 में उसे नक्सली संगठन में भर्ती किया था। 2008 से 2010 तक कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सक्रिय नक्सली कमांडर नागेश के दलम में कार्य किया। वर्ष 2010 में बेसिक कम्युनिस्ट ट्रेनिंग स्कूल में 06 माह तक पढ़ाई की। महिपाल ने कहा कि नक्सलियों के बेमतलब की हिंसा से परेशान होकर उसने आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया।

### युवक की तालाब में डूबने से मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकपुर स्थित पनखती तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तिलकपुर निवासी मालिकराम बरिहा (45) मंगलवार को तालाब में नहाने के लिए गया था जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# कलश यात्रा के बाद स्थापित हुए अग्निदेव, आहुतियों के साथ हो रही दस महाशक्तियों की अराधना

- शिवालिया पार्क के द्वारिकायन में आदि शक्ति मां दुर्गा अनुष्ठान यज्ञ में प्रतिदिन हो रहा हवन
- शारदीय नवरात्र पूजन महोत्सव के अवसर पर माता दरबार में पंचमी को आएंगी महासरस्वती

**महासमुंद (आरएनएस)।** नवरात्र महोत्सव के अवसर पर महाशक्ति मां दुर्गा अनुष्ठान यज्ञ में दस महाशक्तियों की पूजा धूमधाम से हो रही है। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकालकर गायत्री मंदिर से पवित्र गंगाजल को द्वारिकायन पहुंचाया। यात्रा के बाद यज्ञ स्थल में अग्निदेव की स्थापना हुई। नवरात्र के पहले दिन शिवालिया पार्क के अनुष्ठान स्थल में देवी.देवताओं का आह्वान किया गया। महादुर्गा, महालक्ष्मी, महाकाली, महाचंडी, ग्रामदेवी, ग्राम देवती, अश्वपति, गजपति, महारूद्र के साथ विष्णुनारायण विराजित हुए। देव-देवियों की मौजूदगी में प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा हो रही है। शाम 4 बजे से दशावतार विष्णु, बारहरूद्र, महालक्ष्मी और महादेवी दुर्गा को आहुतियां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दी जा रही है। शाम 7 बजे की महाआरती में श्रद्धालुओं की मौजूदगी उत्सव को यादगार बना रहे हैं।

आदि शक्ति मां दुर्गा के अनुष्ठान में महालक्ष्मी पहुंच चुकी हैं। और पंचमी को मां महासरस्वती का आह्वान होगा। महासरस्वती के आगमन के बाद माता का शृंगार किया जाएगा। महाशक्तियों की अराधना के लिए नवरात्र के नौ दिन अखंड हवन हो रहा है। जन कल्याण के निमित्त आयोजित अनुष्ठान में यज्ञकर्ता श्रीश्री 108 गुरुदेव सुरेश बालब्रह्मचारी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाशक्तियों का आह्वान कर बता रहे हैं कि समिधा में कौन से काष्ठ का महत्व क्या है। आयोजक नीरज गजेंद्र ने बताया कि अनुष्ठान में प्रतिदिन शाम 4 बजे से हवन और 7 बजे आरती हो रही है। अभिजित मुहूर्त में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित होने के बाद गुरुदेव महाराज मंत्रोच्चार के साथ माता के महत्व को बताकर पूजन करा रहे हैं। 30 सितंबर को नौ कन्याओं का पूजन भोज आयोजित है। आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



### अंचल में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम

**बिरकोनी (आरएनएस)।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम है भक्तजन माता की आराधना में लीन है। मंदिर परिसर और पंडाल माता के जयकारों से गुंजायमान हैं। क्षेत्र के अनेक स्थानों पर मां जगदम्बा की प्रतिमा स्थापित की गई है। बरबसपुर में बाजार चौक के पास श्रद्धालुओं ने प्रतिमा की स्थापना कर पूजा-अर्चना की। बडग़ांव में तीन जगह भव्य प्रतिमा स्थापित कर माता का दरबार सजाया गया है। नयापारा में बाजार चौक और दुर्गा चौक में नवदुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है। अछरीडीह में बाजार चौक में विशाल पंडाल में मां जगदम्बे की प्रतिमा पर स्थापित की है। ग्राम बिरकोनी के खल्लारी पारा स्थित माँ खल्लारी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा रंगोली सजा कर पूजा-अर्चना की जा रही है। रात 9 बजे से 12 बजे तक जस गीत की प्रस्तुति दी जा रही है।

## उल्टी- दस्त से तीन ग्रामीणों की मौत : नारायणपुर क्षेत्र के राजपुर में फैला रोग, 113 लोग पीड़ित, 9 की हालत गंभीर

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बीजापुर व नारायणपुर जिले में तथाकथित अज्ञात बीमारी फैलने की खबर के बाद अब नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजपुर में उल्टी दस्त के प्रकोप की वजह से 3 लोगों की मौत का मामला सामने आया है. जबकि 113 से अधिक लोग बीमार बताए गए हैं, जिनमें से 9 गंभीर लोगों को मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर किया गया है. स्वास्थ विभाग के डॉक्टर्स और अन्य कर्मी गांव में कैम्प लगाकर ग्रामीणों का उपचार कर रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 3 दिनों के अंदर 113 लोगों का इलाज किया जा चुका है. गांव के लोगों का कहना है कि इस रोग के चलते एक माह के भीतर 3 लोगों की मौत हो चुकी है. मुख्य रूप से डायरिया के ही संक्रमण की बात सामने आ रही है. फिलहाल अधिकारियों ने मौत और बीमारी की वजह को लेकर जांच के बाद ही कुछ कहने की बात कही है. इधर इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं.



जानकारी के मुताबिक गांव में गंदे पानी का उपयोग पीने और भोजन पकाने के लिए किए जाने की वजह से यह बीमारी ग्रामीणों में फैली है. गांव में जिस टंकी से पेयजल की आपूर्ति की जाती है, उसकी सफाई ही नहीं कराई जाती. ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी की सफाई कब हुई थी यह भी ग्रामीणों को नहीं पता. साथी ही गांव में सूअर पालन को भी इस बीमारी से जोड़ा जा रहा है. संभाग मुख्यालय से लगे गांव राजपुर की जब यह स्थिति है तो समझिए कि जहां अधिकारी नहीं पहुंच पाते उन गांवों के लोगों की स्थिति कैसी होगी.

### गुंडागर्दी कर लोगों को डराते थे दो भाई, भेजे गए जेल

**कोरबा (आरएनएस)।** गेरवाघाट मोहल्ले में नशे में गुंडागर्दी करने वाले दो भाई को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इससे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। दर्री थाना अंतर्गत जमनीपाली निवासी राजूराम राव सोमवार दोपहर गेवराघाट मोहल्ला में माता-पिता के घर पहुंचा था। इस दौरान मोहल्ले में रहने वाले दो सगे भाई गोकुल चंद्रा व अजय चंद्रा ने घर घुसकर मारपीट करते हुए तलवार से जान समेत मार देने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। वहीं वार्ड पार्षद ने भी उनके खिलाफ गेवराघाट मोहल्ले में गुंडागर्दी करने की लिखित शिकायत की। क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए अधिकारियों ने दोनों भाई के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिए।

### दो बच्चों सहित एक ही परिवार के दो सदस्यों की निर्मम हत्या, इलाके में दहशत

- कुम्हारी थाना क्षेत्र के कपसदा की घटना


**भिलाई (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के कुम्हारी के कपसदा अकोला रोड रहने वाले उडिय़ा परिवार के चार की जघन्य हत्या अज्ञात आरोपी द्वारा कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतकों में पति पत्नी व दो बच्चे शामिल है। कुम्हारी पुलिस जांच में जुटी हुई है, अभीतक आरोपी की कोई सुराग नही मिल पाई है। बुधवार रात एक ही परिवार के चार लोगों की जघन्य हत्या कर दी गई। लाश देख पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना कुम्हारी कपसदा मार्ग पर स्थित अकोला की है।कपसदा के सरपंच भोज प्रसाद ध्रुव ने बताया कि गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने चार लाशें देखी।

तब पुलिस को सूचना दी गई। मृतक का नाम भोला यादव 34 साल बताया गया है। वह ओडिसा का रहने वाला था। वह खेत में मजदूरी का काम करता था। भोला अपनी पत्नी नैना 30 साल सहित खेत में ही झोपड़ी बनाकर रहता था। भोला के दो बच्चों में एक परमद 12 साल तथा पुत्री मुक्ता 7 साल । सभी की हत्या धारदार हथियार से की गई है।बहरहाल कुम्हारी पुलिस, फोरेंसिक एक्सपर्ट, खोजी कुत्ता, सायबर एन्ड एंटी क्राइम यूनिट की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

## किक बॉक्सिंग : कोरबा ने 13 स्वर्ण, 2 रजत मेडल जीता

**कोरबा (आरएनएस)।** 22 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की किक बॉक्सिंग विधा में प्रदेश से बिलासपुर, रायपुरए दुर्ग, बस्तर, सरगुजा संभाग के लगभग 137 बालक व 109 बालिका सहित 246 किकबाक्सर्स हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार तक बालिका वर्ग के 14, 17 एवं 19 वर्ष के मुकाबलों में बिलासपुर जोन के खिलाडिय़ों ने 13 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक एवं 4 कांस्य पदक जीत कर स्पर्धा में अव्वल बने हुए हैं। पदक जीतने वालों में अधिकांश खिलाड़ी कोरबा जिले के विभिन्न विद्यालयों के हैं जो नियमित रूप से सीएमए छत्तीसगढ़ मार्शल आर्ट एवं किक बॉक्सिंग एकेडमी में अभ्यास करते हैं।

14 वर्ष बालिका में सृष्टि मिश्रा, कीर्ति शर्मा ने स्वर्ण पदक एवं आराध्या सिंघल, गरिमा निर्मलकर एवं आराध्या मिश्रा ने कांस्य पदक जीता है। बालिका 17 वर्ष में निपति पटेल, अनु शर्मा, वर्षा कश्यप एवं हर्षिता निषाद ने स्वर्ण पदक तथा पूर्णिमा खूंटे, रश्मि साहू ने रजत पदक एवं दिव्या कर्ष ने कास्य पदक जीता। बालिका 19 वर्ष के सभी पदक कोरबा की बालिकाओं ने जीतकर अपने नाम किया। इस वर्ग में सोनिया शर्मा, आदित्या पाल, जीनत अली, पूर्णा साहू, रमनदीप कौर, श्रेया शुक्ला एवं शुभी निम्बालकर ने अलग-अलग वजन वर्गों में स्वर्ण पदक जीता।



## सहकारी बैंक के रिटायर्ड मैनेजर से सवा करोड़ की ठगी

- जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के कोटा क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारी ने दोगुना राशि देने का झांसा देकर सहकारी बैंक के रिटायर शाखा प्रबंधक से अलग-अलग किस्तों में एक करोड़ 72 लाख रुपये की ठगी कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार कोटा थाना क्षेत्र के जिला सहकारी बैंक के रिटायर शाखा प्रबंधक रतन लाल पांडे उम्र 84 वर्ष रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके घर के पास रहने वाले विनय तिवारी ने खुद को वन विभाग में फॉरेस्टर के पद पर पदस्थ बताकर जान पहचान की. तिवारी ने उन्हें बताया कि वह दूसरे शासकीय विभाग में सरकारी ठेका लेने और बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई करता है. जिसमें उन्हें काफी मुनाफा होता है. तिवारी ने पांडे को पैसा देने पर दोगुना राशि का लालच दिया. रिटायर्ड मैनेजर पांडेय के झांसे में आ गया और उसे रुपये देने लगा. कुछ समय तक आरोपी दोगुनी राशि लौटाता रहा।



आरोपी ने 2017 से 2021 तक अलग अलग किस्तों में पांडे से एक करोड़ 72 लाख रुपये ले लिए. पांडेय अपने परिचितों से किस्तों में रुपये मांगकर उसे देता था. काफी दिनों तक तब पैसे वापस नहीं मिले तो पांडेय कथित वन विभाग के अधिकारी से पैसे मांगने पहुंचा जिस पर उसने जान से मारने की धमकी दी.

इस पूरे घटना की लिखित शिकायत पीड़ित ने एसएसपी पारुल माथुर से की. पुलिस जांच के बाद पांडे की रिपोर्ट पर विनय तिवारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के घर में दबिश दी लेकिन वह फरार है. तलाश जारी है।


## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के धीमी प्रगति पर सब इंजीनियर के वेतन रोकने के दिए निर्देश

- कार्यपूर्ति के लिए दो बार तक समय बढ़ाने के बाद भी काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को भी जारी होगी नोटिस

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, अभियंतागण, परियोजना समन्वयक एवं विभाग में कार्यरत ठेकेदार शामिल हुए । बैठक में कलेक्टर झा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत एफएचटीसी, रेट्रोफिटिंग, निविदाओं की स्थिति, टंकी निर्माण, पाईप लाईन के माध्यम से हर घर जल आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर झा ने जिले में हो रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सब इंजीनियर जी एस कंवर के वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य पूर्ति के लिए दो बार तक समय अवधि बढ़ाने के बाद भी काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने मिशन के अंतर्गत अभी तक काम शुरू नहीं किए ठेकेदारों का कार्य आदेश निरस्त कर दूसरे ठेकेदारों को कार्य आबंटित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिन गांव में शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं उन्हें हर घर जल प्रमाणित करने के लिए ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित करवाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर में नल के माध्यम से पीने का साफ पानी पहुंचाना है। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी, अस्पतालों सहित गांवों में पीने के साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन के काम को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इन सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा किया जाये।

## नवा रायपुर के सेक्टर-20 में सजाई गई चैतन्य झाँकी बनी आकर्षण का केन्द्र

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शान्ति शिखर में सजाई गई चैतन्य देवियों की झाँकी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यहाँ पर आदि शक्ति माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों को सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया गया है।



इस चैतन्य झाँकी का कल शुभारम्भ हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विवेकानन्द, रजिस्ट्रार उदय शंकर, कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा, वाणिज्यिक कोर्ट के न्यायाधीश जयदीप गर्ग, क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी और ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

इस अवसर पर हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विवेकानन्द ने कहा कि चैतन्य देवियों की झाँकी का अवलोकन करके उन्हें अद्भुत प्रसन्नता हुई। ब्रह्माकुमारी संस्थान में आकर बहुत ही आत्मियता और अपनेपन का अनुभव हुआ। शान्ति शिखर भवन सभी के लिए दर्शनीय है।

कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि शारदेय नवरात्रि के अवसर पर सजाई गई चैतन्य देवियों की झाँकी बहुत ही मनमोहक है। यह अन्त:करण में प्रेरणा जगाती है और श्रद्धा के भाव को दृढ़ करती है।

वाणिज्यिक न्यायालय के न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने कहा कि चैतन्य झाँकी को देखकर मैं आश्चर्यचकित रह गया। पिछले वर्ष भी मैं यहाँ आया था। बहनों का प्रयास सराहनीय है। आशा है कि यह झाँकी पिछले वर्ष से ज्यादा लोगों को आकर्षित करेगी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने बतलाया कि यह झाँकी दो वर्षों से नवरात्रि पर शान्ति शिखर भवन में लगाई जा रही है। यह झाँकी नवा रायपुर में 5 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम को 5 से रात्रि 9 बजे तक दर्शनार्थ खुली रहेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU